# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान निबोधत

क्रमांक / 688 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 19/08/2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2021–22 में संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची विश्वविद्यालय के पोर्टल से ऑनलाईन प्राप्त (डाउनलोड) करने एवं मेरिट/चयन सूची जारी करने के संबंध में।

संदर्भ :– विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/557/ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 31/07/2021

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित अधिसूचना द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु **प्रथम चरण में** दिनांक 01 अगस्त 2021 से दिनांक 20 अगस्त 2021 तक निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में निर्धारित तिथि एवं समय तक विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची M.S. Excel फार्मेट में महाविद्यालय प्रत्येक पाठ्यक्रम, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है, के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूह के अनुसार कैटेगरी एवं जेन्डर वाईस दिनांक 21/08/2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे से ऑनलाईन प्राप्त (डाउनलोड) कर सकते हैं।

महाविद्यालय द्वारा पोर्टल में लॉगिन कर ऑनलाईन प्राप्त/डाउनलोड की गई आवेदकों की सूची के आधार पर महाविद्यालय प्रत्येक पाठ्यक्रम, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है, के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूह के लिए निर्धारित सीट संख्या को ध्यान में रखते हुए और सत्र 2021–22 के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करते हुए दिनांक 21/08/2021 से दिनांक 23/08/2021 तक अनिवार्यतः मेरिट/चयन सूची जारी करेंगे। प्रथम चरण में प्रवेश हेतु जारी किये जाने वाले मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में प्रदर्शित करने हेतु **Add to Merit** बटन पर क्लिक करने एवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से मेरिट की सूचना **Send SMS** बटन पर क्लिक कर प्रेषित करने, मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सूचित करने का कष्ट करेंगे। जारी की गई मेरिट/चयन सूची को महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराते हुए सूचना पटल पर भी चस्पा करेंगे।

महाविद्यालय आवश्यकतानुसार एक से अधिक बार मेरिट/चयन सूची जारी कर सकते हैं। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि दिनांक 31/08/2021 निर्धारित है। प्रथम चरण में प्रवेशित छात्रों की **User ID** को पोर्टल में **Verified & Admitted** बटन पर क्लिक कर दिनांक 31/08/2021 तक अनिवार्यतः लॉक करने का कष्ट करेंगे।

(माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार)

19.8.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 689 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 19/08/2021

प्रतिलिपि :—

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला—रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक—सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला—रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

04. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

05. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

06. सहायक कुलसचिव, (गोपनीय/परीक्षा) शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19.8.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला—बस्तर (छ.ग.)